**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 115**
**सोमवार, 25 नवंबर, 2024 / 4 अग्रहायण, 1946 (शक)**

## ईएसआई अस्पताल की स्थापना

**115. श्री टी. आर. बालू:**
क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास श्रीपेरंबदूर में ईएसआई अस्पताल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है, क्योंकि इरुंगट्टुकोट्टई, पडप्पाई आदि औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित बड़े, मध्यम और लघु उद्योगों में हजारों की संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) निगम ने तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक 100 बिस्तर वाले अस्पताल की स्थापना करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। ईएसआई निगम ने अस्पताल के निर्माण का काम केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को सौंपा है तथा 178 करोड़ रु. की व्यय संस्वीकृति भी जारी की है।

*****